# 151 गुमशुदा स्मार्टफोन पुलिस ने किया बरामद

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के विभिन्न थानों से प्राप्त हो रहे मोबाइल फोन गायब / गुम होने के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी यातायात/ साइबर पर्यवेक्षण अधिकारी वीर शेन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल व थाना साइबर सेल/उएक्फ़टीम ने भारत सरकार द्वारा संचालित का उपयोग कर कुल 151 अदद स्मार्ट फोन बरामद किये गए। बरामदशुदा स्मार्ट फोन की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये है। उक्त मोबाइल आज दिनांक 16 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये गए।

मोबाइल लौटाए जाने के दौरान, उपस्थित नागरिकों/मोबाइल स्वामियों ने पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह के साइबर सेल व उनके द्वारा थानों पर उपयुक्त दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में गठित कराई गयी साइबर/उएक्फ़टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस की सतर्कता, प्रतिबद्धता, उत्तरदायित्वों और तकनीकी दक्षता की पराकाष्ठा व पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

यह भी उल्लेखनीय है कि इस पहल से न केवल जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ है कि जनपद बलरामपुर पुलिस, प्रत्येक पीड़ित की सहायता के लिए सदैव तत्पर है।